दिनांक : 17/11/2026 **समय :7.10एएम**

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मनीला में आसियान–भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल।
- देवास में 9 करोड़ 44 लाख की लागत से बनेगा सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण।
- प्रदेश में बनेगी बिलियर्ड्स–स्नूकर अकादमी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जमीन देने का किया ऐलान।

और

- प्रदेश के 9 जिलों में 20 नवंबर को आंधी–बारिश का अलर्ट, 40 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं।

पीएम– मनीला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फिलीपींस की राजधानी मनीला में 23वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वर्ष 2026 के लिए आसियान की अध्यक्षता कर रहा फिलीपींस इन दोनों शिखर सम्मेलनों की मेजबानी कर रहा है। इसके अलावा पीएम मनीला के 100 साल से ज्यादा पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा खालसा दीवान में पुनर्विकास कार्यों की शुरुआत के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर सिख समुदाय की सेवा भावना और गुरु साहिबानों की शिक्षाओं की सराहना की है।

देवास में सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज देवास में करीब 9 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से बने 400 मीटर के 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इस आधुनिक ट्रैक से जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप

वहीं प्रदेश में बिलियर्ड्स और स्नूकर को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार अकादमी बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर में वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के शुभारंभ समारोह में यह घोषणा की। इंदौर में हो रही इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में करीब 35 देशों के 150 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

जनजातीय गौरव दिवस

खंडवा में कल भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कौशल विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इस मौके पर उन्होंने 16.97 करोड़ रुपये की लागत से बने खंडवा नगर निगम के पांच मंजिला नए भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर डॉ. यादव ने कहा–

राज्यपाल– दीक्षांत समारोह

प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय के 62वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी दक्षता और नवाचार पर भी ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मशीनें काम आसान कर सकती हैं, लेकिन मानवीय संवेदना, विवेक और नैतिकता की जगह नहीं ले सकतीं। समारोह में विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां भी प्रदान की गईं।

आगर–मालवा में निवेश

फ्रांस की बहुराष्ट्रीय कंपनी सैफलेट माल्ट ने प्रदेश के आगर–मालवा में 1200 करोड़ रुपये का निवेश कर जौ से माल्ट बनाने वाली फैक्ट्री लगाने का प्रस्ताव दिया है। इस परियोजना से आगर–मालवा समेत उज्जैन, शाजापुर, देवास और मंदसौर के 50 हजार से ज्यादा किसानों को जोड़ा जाएगा। कंपनी हर साल करीब 2 लाख 50 हजार टन जौ खरीदेगी और किसानों को उन्नत बीज, खेती की तकनीक और प्रशिक्षण भी देगी। इसके लिए औद्योगिक पार्क में 20 हेक्टेयर जमीन की मांग की गई है और जमीन आवंटन की प्रक्रिया अभी जारी है।

स्वास्थ्य मंत्री– समीक्षा बैठक

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने इसी शैक्षणिक सत्र से अलाइड एंड हेल्थकेयर के नए कोर्स शुरू करने और इनमें समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने को कहा। साथ ही प्रदेश में आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती 15 जनवरी 2027 तक पूरी करने के निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञ डॉक्टरों के खाली पदों पर नियुक्ति के साथ डायलिसिस और एम्बुलेंस सेवाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया।

परिवहन– हाई कोर्ट फैसला

प्रदेश में बस परिवहन व्यवस्था के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने राज्य परिवहन प्राधिकरण के पुनर्गठन को वैध ठहराते हुए इसके खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही प्राधिकरण पर लगी रोक हट गई है और 280 नए अंतर्क्षेत्रीय बस मार्गों पर बसें चलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर समेत सात बड़े शहरों को इन मार्गों से जोड़ने की योजना है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री– रोजगार

प्रदेश के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को रोजगार से जोड़कर विद्यार्थियों को उद्योगों की जरूरत के मुताबिक तैयार किया जाएगा। इसके लिए इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्यावहारिक प्रशिक्षण, बेहतर प्लेसमेंट और उद्यमिता के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। कल भोपाल में उज्जैन इंजीनियरिंग महाविद्यालय की बैठक में उन्होंने स्थानीय उद्योगों के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए।

बाल विवाह पर रोक

प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए 21 अक्टूबर से 21 दिसंबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 27 नवंबर को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभाएं होंगी, जहां लोगों को बाल विवाह नहीं करने और न होने देने की शपथ दिलाई जाएगी। विवाह के शुभ मुहूर्त और सामूहिक विवाह आयोजनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। मंदसौर और झाबुआ में भी बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन सतर्क है।

इंदौर– खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला

प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच अब आसान होगी। इंदौर की संभागीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को NABL के बाद अब FSSAI से भी मान्यता मिल गई है। इससे इंदौर और आसपास के जिलों के खाद्य नमूनों की जांच स्थानीय स्तर पर हो सकेगी। अब जांच के लिए नमूने भोपाल भेजने की जरूरत कम पड़ेगी और रिपोर्ट भी जल्दी मिल सकेगी।

अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

गोवा में 20 से 28 नवंबर तक 57वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आयोजित होगा। इस बार महोत्सव की थीम 'Stories Without Borders रखी गई है। इसमें 137 देशों से 1900 से ज्यादा फिल्में प्राप्त हुई हैं, जबकि 86 देशों की 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय फिल्में दिखाई जाएंगी। महोत्सव की शुरुआत फिल्म फादरलैंड से होगी, जबकि आई मैटर मिड–फेस्ट और वी आर ऑल स्ट्रेंजर्स समापन फिल्म होगी। इस बार स्पेन कंट्री ऑफ ऑनर और रूस पार्टनर कंट्री रहेगा। भारतीय सिनेमा के 76 फिल्में 18 भाषाओं में प्रदर्शित भी की जाएंगी।

महिला एशिया हॉकी चैंपियनशिप

भोपाल में 19 नवंबर से शुरू होने वाली महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कल बरखेड़ा नाथू स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही खेल परिसर के पहले चरण का लोकार्पण

भी होगा। मैचों के प्रसारण, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा, लाइटिंग और खिलाड़ियों के स्वागत की व्यवस्था की जा रही है।

70वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता

प्रदेश के नरसिंहपुर में चल रही 70वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में केरल और तमिलनाडु ने जगह बना ली है। कल खेले गए सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को और केरल ने जम्मू–कश्मीर को 6–6 विकेट से हराया। तमिलनाडु की जीत में मोहम्मद रजान ने 65 रन की शानदार पारी खेली, जबकि केरल की ओर से नभय ने 3 विकेट लिए। आज सुबह 8.30 बजे केरल और तमिलनाडु के बीच खिताबी मुकाबला होगा, वहीं तीसरे स्थान के लिए जम्मू–कश्मीर और उत्तर प्रदेश की टीमें भिड़ेंगी।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान के असर से मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग ने 20 नवंबर को प्रदेश के 9 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बारिश हो सकती है। वहीं कल रात कटनी के करौंदी में सबसे कम 11.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

ऽ संगीतधानी ग्वालियर में अंतर्राष्ट्रीय "तानसेन समारोह" का 102वां आयोजन 15 से 19 दिसंबर तक होगा।

ऽ शिवपुरी जिले में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2026 के अंतर्गत सर्किल जेल शिवपुरी और जिला जेल बैतूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

ऽ आगर–मालवा में हुई जिला पोषण एवं स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना ने उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और पंजीयन के निर्देश दिए।

ऽ पन्ना में खरीफ विपणन वर्ष 2026–27 के तहत धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज शाम जिला उपार्जन समिति की बैठक होगी।

ऽ कटनी में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया।

ऽ राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने भोपाल में आयोजित कार्यशाला में अशोकनगर तहसीलदार संतोष धाकड़ को स्वामित्व अधिकार अभिलेख योजना–में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया।

ऽ मंडला में न्यायोत्सव कार्यक्रम के तहत आज मैराथन दौड़ और झंकार भवन में विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जाएगा।

ऽ मुरैना जिले के नगर पालिका अम्बाह में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आगामी 20 नवंबर को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

————————————